देवघर गुरुवार
24.09.2020
प्रभात खबर
04

प्रभात खबर, दिनांक - 24.09.2020

# प्रवासी मजदूरों को मिला सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण



बैठक में उपस्थित प्रवासी मजदूर .

**प्रतिनिधि, सरैयाहाट**

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन में बुधवार को आत्मा परियोजना की ओर से प्रवासी मजदूरों को आधुनिक तकनीक से सब्जी उत्पादन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें मुख्य रूप से परियोजना उप निदेशक संजय कुमार मंडल मौजूद थे. उन्होंने सब्जी उत्पादन करने के लिए खेत की तैयारी से लेकर बिचड़ा उत्पादन, खाद प्रबंधन, सिंचाई प्रणाली आदि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी. जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी डॉ. रमेश ने सिंचाई व ड्रीप इरीगेशन प्रबंधन पर लोगों को जानकारी दी. बताया कि सब्जी की खेती कर गांव में ही बेहतर आय सृजन कर सकते है. मौके पर बीटीएम मिथिलेश कुमार, इलाहाबाद बैंक के वित्तीय परामर्शदाता सुधीर कुमार, सहायक प्रबंधक संजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

**मजदूरों को समय पर मनरेगा में दिलायें काम: बीडीओ** : सरैयाहाट. प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बीडीओ दयानंद जायसवाल की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी. जिसमें सोख्ता गड्ढा, वर्मी कंपोस्ट पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग योजना का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया. बैठक में बताया गया कि जिन भी मजदूरों ने काम के लिए डिमांड किया है. उसे तय समय पर रोजगार उपलब्ध कराने का काम रोजगार सेवक करें. लेट-लतीफी करने पर कार्रवाई की जायेगी. पीएफएमएस का अकाउंट आधार कार्ड सहित गुरुवार तक प्रखंड कार्यालय में जमा करने को कहा गया. बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ संजीव कुमार व संदीप कुमार, एमओ अजित सिंह सहित पंचायत सचिव व रोजगार सेवक मौजूद थे.

दुमका जागरण 4 दैनिक जागरण भागलपुर, 26 सितंबर, 2020

दैनिक जागरण, 26/09/2020

# प्रवासी मजदूरों को मिला सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण



शुक्रवार को जामा के आत्मा कार्यालय में किसान को सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण देते कृषि पदाधिकारी सुनील कुमार व परियोजना निदेशक संजय कुमार • जागरण

संवाद सूत्र, चिकनियां: जामा प्रखंड मुख्यालय के आत्मा कार्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक से है।

प्रशिक्षण में वैज्ञानिक डॉ.सुनील कुमार द्वारा सब्जी उत्पादन से संबंधित जानकारी फसल प्रबंधन, बीज उपचार तकनीक आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उप परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल द्वारा कृषि संबंधित केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी। इलाहाबाद बैंक के वित्तीय सलाहकार सुधीर कुमार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

मौके पर नव भारत जागृति केन्द्र के कार्यक्रम प्रबंधक अमृत पासवान ने बताया कि नव भारत जागृति केन्द्र द्वारा प्रवासी मजदूर किसानों को रबि फसल के बीज का वितरण किया जाएगा। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक योगेश नारायण सिंह, नीरज पोद्दार सहित प्रखंड के लगभग 30 प्रवासी मजदूर उपस्थित थे।

दुमका की अन्य खबरों को देखें

देवघर, शनिवार 26.09.2020 प्रभात खबर 04

## मजदूरों को मिले सब्जी खेती के टिप्स



**जामा.** प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा कार्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया. वैज्ञानिक डॉ सुनील कुमार ने नयी तकनीक से सब्जी की खेती की जानकारी साझा की. उप परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल ने किसानों को बताया गया कि जिले में चल रहे कृषि संबंधित केंद्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. उन्होंने वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी. इलाहाबाद बैंक के वित्तीय सलाहकार सुधीर कुमार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी. मौके पर नव भारत जागृति केंद्र के कार्यक्रम प्रबंधक अमृत पासवान, सहायक तकनीकी प्रबंधक योगेश नारायण सिंह व नीरज पोद्दार एवं प्रखंड के 30 प्रवासी मजदूर उपस्थित थे.

हिन्दुस्तान
धनबाद • मंगलवार • 29 सितंबर 2020 • 02

# सब्जी की खेती विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

जरमुंडी | प्रतिनिधि

जरमुंडी प्रखंड के एटीआईसी भवन में प्रवासी मजदूरों के लिए आयोजित सब्जी की खेती विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक (आत्मा दुमका) देवेश प्रसाद सिंह ने प्रवासी मजदूरों और कृषकों को सब्जी की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिक मुनाफे के लिए अभी गोभी की खेती की जा सकती है। इसके लिए दोमट भूमि उपयुक्त होता है। एक एकड़ खेत में लगभग 17000 गोभी के पौधे लगाए जा सकते हैं। परियोजना निदेशक ने कहा कि ब्रोकली की खेती किसानों के लिए वरदान साबित हो सकता है। परियोजना निदेशक ने कहा कि ब्रोकली में आयुर्वेदिक गुण पाया जाते हैं तथा इसमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट गुण के कारण इसका सेवन किया जाता है। इसका सेवन करने वाले लोगों को बीमारी की संभावनाएं कम होती है। उन्होंने कहा कि खेती के लिए घर पर ही जैविक खाद और कीटनाशक तैयार कर सकते हैं।

जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि क्लोरोफॉस दवा का प्रयोग जमीन के अंदर के कीड़े मारने के लिए किया जाता है। फसल में फफूंद लगने का पहला लक्षण धब्बा आना होता है। फल पर भी काला धब्बा आता है। इसकी रोकथाम के लिए डायथेन एम-45 प्रति 1 लीटर पानी में 1 ग्राम दवा डालकर छिड़काव किया जाता है। इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक समरेंद्र सिन्हा ने कृषकों को टोल फ्री नंबर 1800 180 1551 की जानकारी देते हुए अपनी समस्या का समाधान के लिए जानकारी प्राप्त करने की बात कही। इस अवसर पर एटीएम नंदलाल मंडल, भारती कुमारी, श्रीकांत यादव, हरि किशोर यादव, नूनधर लायक, संतोष राउत, अकलू महतो आदि कृषकों ने भाग लिया।

दैनिक जागरण भागलपुर, 29 सितंबर, 2020

# अभी गोभी की खेती के लिए उपयुक्त समय, होगा लाभ



आत्मा भवन जरमुंडी में सोमवार को खेती की कार्यशाला में शामिल किसान • जागरण

संवाद सहयोगी, बासुकीनाथ: जरमुंडी प्रखंड के इटिक आत्मा भवन में प्रवासी मजदूरों के लिए सोमवार को दो दिवसीय सब्जी की खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आत्मा के परियोजना निदेशक दिवेश कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि अभी गोभी की खेती की जा सकती है। इसके लिए दोमट भूमि उपयुक्त है। एक एकड़ खेत में लगभग 17 हजार गोभी के पौधे लगाए जा सकते है। ब्रोकली की खेती के लिए कृषकों को जानकारी दी। कहा कि ब्रोकली में आयुर्वेदिक गुण पाया जाता है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट गुण के कारण इसका सेवन करने वाले आदमी को बीमारी की संभावना कम होती है। घर पर ही जैविक कीटनाशक तैयार कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए जैविक कीटनाशक इस्तेमाल करने की जानकारी दी। फफूंद का पहला लक्षण है किसी भी फसल पर धब्बा आता है।

देवघर, बुधवार
07.10.2020
प्रभात खबर
04

## प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# सब्जी की पैदावार बढ़ाने के बताए गए गुर



प्रशिक्षण शिविर मे उपस्थित पदाधिकारी व प्रवासी मजदूर.

**प्रतिनिधि, रानीश्वर**

प्रखंड के प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आत्मा के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में उपस्थित आत्मा के उपनिदेशक संजय कुमार मंडल ने उपस्थित प्रवासी मजदूरों को सब्जी खेती कर रोजगार उपलब्ध करने के बारे में तकनीकी जानकारी दी. कहा कि खेतों में उन्नत पद्धति से सब्जी खेती कर अच्छी आमदनी किया जा सकता है. इसके लिए उन्होंने ने प्रवासी मजदूरों को मन लगाकर खेती करने की सलाह दी. शिविर में उपस्थित प्रभारी बीएओ विश्वनाथ सिंह ने भी प्रवासी मजदूरों को सब्जी खेती करने के लिए प्रेरित किया. मौके पर आत्मा के बीटीएम दीपक चंद्र साह, एटीएम सुजित भौमिक, काठीकुंड प्रखंड के बीटीएम श्यामसुंदर सिंह आदि मौजूद थे. प्रशिक्षण शिविर कुमार समापन बुधवार को होगी.

देवघर, गुरुवार
08.10.2020
प्रभात खबर
08

## सब्जी की खेती करने का दिया प्रशिक्षण 8/10/2020

**रानीश्वर.** प्रखंड मुख्यालय के आत्मा सभागार में प्रवासी मजदूरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया.आत्मा की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रवासी मजदूरों को उन्नत तरीके से सब्जी खेती कर रोजगार उपलब्ध कराने के गुर सिखाये गये, ताकि रोजगार के लिए बाहर जाना नहीं पड़े. समापन समारोह में उपस्थित केवीके के कृषि वैज्ञानिक डॉ जयंत लाल ने प्रवासी मजदूरों को सब्जी खेती करने के बारे में तकनीकी दी तथा समय पर पैदावार कर अच्छी आमदनी करने के बारे में बताया. स्थानीय स्तर पर उन्नत सब्जी उत्पादन होने से सब्जी उत्पादन करने वालों को भी अच्छी आमदनी होगी. साथ ही स्थानीय लोगों को भी ताजा सब्जी उपलब्ध हो सकेगी. इस मौके पर आत्मा के उप निदेशक संजय कुमार मंडल, आत्मा के बीटीएम दीपक चंद्र साह, एटीएम सुजीत भौमिक, विमान सिंह आदि उपस्थित थे.

देवघर, गुरुवार
01.10.2020 | प्रभात खबर | 04

# जैविक सब्जी की खेती कर आत्मनिर्भर बनें: निदेशक

• प्रतिनिधि, बासुकिनाथ




जरमुंडी में किसानों को जानकारी देते उप परियोजना निदेशक संजय मंडल व अन्य.

आत्मा सभागार जरमुंडी में चल रहे प्रवासी मजदूरों के दो दिवसीय सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण में किसानों को वैज्ञानिक व आधुनिक पद्धति से सब्जी उत्पादन की जानकारी दी गयी. आत्मा उप परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल ने प्रवासी मजदूरों व किसानों को खेत की तैयारी, बीजोपचार, सब्जी लगाने हेतु बिचड़ा प्रबंधन विषयों पर जानकारी दी. कहा कि किसान जैविक पद्धति से सब्जी की खेती कर आत्मनिर्भर बनें. उन्होंने बताया कि कृषि की घटती जोत, संसाधनों की कमी, लगातार कम होती कार्यकुशलता और कृषि की बढ़ती लागत तथा साथ ही उर्वरक व कीटनाशकों के पर्यावरण पर बढ़ते कुप्रभाव को रोकने में निःसंदेह जैविक खेती एक वरदान साबित हो सकती है. प्रखंड कृषि पदाधिकारी अक्षय कुमार साह ने कहा कि जैविक खेती को प्रोत्साहन देना समय की मांग है. कहा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. बीटीएम श्यामसुंदर सिंह ने प्रवासी मजदूरों एवं किसानों को खाद एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में जानकारी दी. उप परियोजना निदेशक ने किसानों को रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव के बारे में बताया. कहा कि जैविक खाद का ही इस्तेमाल करें. बीटीएम समरेंद्र सिन्हा ने आत्मा के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य बनवाने, खेत की मिट्टी के अ... फसल लगाने के बारे में जानका... मौके पर एटीएम नंदलाल मंडल, ... मित्र, प्रवासी मजदूर एवं किसान थे.

03 हिन्दुस्तान
धनबाद • गुरुवार • 01 अक्तूबर 2020

# मजदूरों को मिला सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के पटिक सभागार में बुधवार को आत्मा दुमका की ओर से प्रवासी मजदूरों का दो दिवसीय सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आत्मा दुमका के परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल, काठीकुंड प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्यामसुंदर सिंह, मसलिया प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दीपक साह मुख्यरूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण में आत्मा दुमका के संजय कुमार मंडल ने उपस्थित प्रवासी मजदूरों को सब्जी उत्पादन करने का वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही बिजो उपचार, नर्सरी तैयार करने की विधि, सब्जी पौधशाला में मोलचिंग करने से लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आगे प्रवासी मजदूरों को कहा कि उपरोक्त विधि द्वारा सब्जी उत्पादन करने पर अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है। वहीं काठीकुंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्यामसुंदर सिंह द्वारा सभी मजदूरों को जैविक एवं रसायनिक खाद प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।